संपादकीय

देर से संवाद

आखिरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नागरिकता संशोधन कानून पर हो रही राजनीति के खिलाफ मुखर हुए। दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई रैली में उन्होंने कांग्रेस पर इस कानून के मुद्दे पर मुस्लिमों को डराने के आरोप लगाये। साथ ही शहरी नक्सल उपनाम देकर वामपंथियों पर हमला बोला। मोदी ने जोर देकर कहा कि इस कानून के साथ सैकड़ों अवैध कालोनियों के चालीस लाख लोगों को दिल्ली में छत का हक देने का बिल पास किया। क्या हमने किसी का धर्म और जाति पूछकर सैकड़ों अवैध कालोनियों को वैध बनाया? क्या हमने किसी कल्याणकारी योजना में किसी का धर्म व जाति पूछकर लाभ दिया? उन्होंने 'विविधता में एकता, भारत की विशेषता' के नारे भी लगवाए। उन्होंने ममता बनर्जी के भ्रम फैलाने और संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में जनमत संग्रह के बयान को भी दुर्भाग्यपूर्ण बताया। साथ ही सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने तथा पुलिस कर्मियों पर हमले की भी निंदा की। वहीं दूसरी ओर नागरिकता कानून के खिलाफ बढ़ते देशव्यापी विरोध के बाद अब भाजपा भी कह रही है कि वह घर-घर जाकर कानून के बारे में लोगों को बताएगी। अगले दस दिनों में एक हजार छोटी-बड़ी रैलियां आयोजित की जायेंगी। कहा जा रहा है कि विपक्ष द्वारा फैलाये जा रहे भ्रम के खिलाफ तीन करोड़ से ज्यादा परिवारों से संपर्क किया जायेगा। इन रैलियों में उन शरणार्थियों को भी शामिल किया जायेगा, जिनके हितों के लिए यह कानून लाया गया है।

निःसंदेह इस पहल में कहीं न कहीं सरकार व भाजपा ने देरी कर दी। व्यापक विमर्श के बिना नागरिकता संशोधन कानून को आनन-फानन में लाना कहीं न कहीं यह संदेश दे गया कि यह अल्पसंख्यक विरोधी है। इस मुद्दे को लेकर जमकर राजनीति हुई है और शिकस्त से हताश राजनीतिक दलों ने इस मौके को राजनीतिक ध्रुवीकरण के अवसर में बदल दिया। दिल्ली में जामिया मिल्लिया विश्वविद्यालय के बाहर हुए आंदोलन से यदि संवेदनशील ढंग से निपटा जाता तो पूरे देश में आगजनी व हिंसा की लहर पैदा न होती। नागरिकता संशोधन कानून की वास्तविक स्थिति के बारे में आम लोगों को खास जानकारी नहीं है। यहां तक कि सड़कों पर उतरे लोग भी वास्तविकता से अनभिज्ञ दिखे। यही वजह है कि राजनीतिक दलों ने इसे मुस्लिम विरोधी विमर्श में तब्दील कर दिया। विडंबना ही है कि ?इस कोलाहल में अर्थव्यवस्था, विकास और महंगाई जैसे मूलभूत मुद्दे गौण हो गये हैं। फिर आगजनी, हिंसा, उपद्रव और कारोबार ठप होने से जो अरबों रुपये का नुकसान हुआ, उसकी जवाबदेही कैसे तय होगी। निःसंदेह लोकतंत्र में विरोध करने का हर नागरिक को हक है, मगर विरोध भी लोकतांत्रिक ?ढंग से ही किया जाना चाहिए। हिंसा की लोकतंत्र में कोई जगह नहीं है। विडंबना है कि पूरी दुनिया को अहिंसा का मंत्र देने वाला भारत ही आज हिंसा के दंश झेल रहा है। इसको लेकर दुनिया में भारत की छवि खराब हुई है। बहरहाल, अब देश को तुरंत शांति की दरकार है।

आरबीआई ने दी चेतावनी, फिर बढ़ सकता है बैंकों का बैड लोन

मुंबई(आरएनएस)। अर्थव्यवस्था में लंबे समय से बरकरार भारी सुस्ती के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि अगले नौ महीने में बैंकों के फंसे कर्ज में और वृद्धि हो सकती है।

केंद्रीय बैंक ने कहा है कि इसका कारण अर्थव्यवस्था में सुस्ती, लोन का भुगतान करने में नाकामी तथा क्रेडिट ग्रोथ में कमी है। साल में दो बार जून तथा दिसंबर में प्रकाशित होने वाले आरबीआई के फाइनैंशल स्टैबिलिटी रिपोर्ट (स्नस्क) में मध्यम रेटिंग वाली कंपनियों द्वारा रेटिंग शॉपिंग (पसंद की रेटिंग पाने के लिए मनचाही एजेंसियों की सेवा लेना) के प्रति भी ध्यान दिलाया है।

आरबीआई ने कहा है कि बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियों के पास फिलहाल नकदी की कोई कमी नहीं है, जिसके कारण उन्हें लोन की कोई जरूरत नहीं है, जो मौजूदा स्थिति में क्रेडिट ग्रोथ की रेट में कमी का एक बड़ा कारण है। रिपोर्ट के मुताबिक, सितंबर 2019 तक सरकारी बैंकों की क्रेडिट ग्रोथ घटकर 8.7 प्रतिशत पर रही, जबकि प्राइवेट बैंकों के लिए यह आंकड़ा 16.5 प्रतिशत रहा था।

आरबीआई ने चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार द्वारा सरकारी बैंकों के पुनर्पूंजीकरण के बाद बैंकों का पूंजी पर्याप्तता अनुपात सितंबर 2019 में उल्लेखनीय रूप से बढ़कर 15.1 प्रतिशत पर पहुंच गया है। प्रोविजन कवरिंग रेशियो भी बढ़कर 61.5 प्रतिशत पर पहुंच गया है, जो एक साल पहले की समान अवधि में 60.5 प्रतिशत था।

एलआईसी से सरकार को मिला 2611 करोड़ का डिविडेंड

नईदिल्ली(आरएनएस)। सरकारी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम ने वित्त वर्ष 2018-19 के लिए सरकार को शुक्रवार को 2,610.74 करोड़ रुपये का लाभांश (डिविडेंड) दिया। वित्त मंत्रालय ने एक ट्वीट में कहा, एलआईसी की बचत 2018-19 में 53,214.41 करोड़ रुपये रही। यह 2017-18 की तुलना में 9.9 प्रतिशत अधिक है। एलआईसी की बाजार हिस्सेदारी 30 नवंबर 2019 तक बीमा पॉलिसी धारक संख्या में मामले में 76.28 प्रतिशत और पहले साल के प्रीमियम में हिस्सेदारी के आधार पर 71 प्रतिशत रही।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह पहली बार हुआ है जब किसी वित्त वर्ष में उसका सरप्लस (बचत) 50 हजार करोड़ रुपये के पार हुई है। एलआईसी के चेयरमैन एम.आर.कुमार ने वित्त सचिव राजीव कुमार और विशेष सचिव देवाशीष पांडा की उपस्थिति में लाभांश का चेक वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सौंपा। एलआईसी के गठन के 63 साल पूरे हो गये हैं और कंपनी अभी 31.11 लाख करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति का प्रबंधन कर रही है।

11 फरवरी को ये दो दमदार स्मार्टफोन लॉन्च करने की तैयारी में सैमसंग

सियोल(आरएनएस)। दक्षिण कोरिया की टेक दिग्गज कंपनी सैमसंग गैलेक्सी फोल्ड 2 के साथ अपने नेक्स्ट जेनरेशन गैलेक्सी एस11 को सैन फ्रांसिस्को में 11 फरवरी को होने वाले एक कार्यक्रम में लॉन्च कर सकती है। इजरायल की वेबसाइट जिराफा के अनुसार, 2020 के लिए अपने मोबाइल प्लान का अनावरण करने के लिए यह लॉन्च टाइमफ्रेम सैमसंग को मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस (एमडब्ल्यूसी) में आने वाले प्रतियोगियों के लिए दो सप्ताह का हेड स्टार्ट देगा।

गैलेक्सी एस 11 को लेकर हाल ही में कई खबरें निकल सामने आई हैं। एक अमेरिकी टेक ब्लॉगर ने दावा किया है कि आने वाले सैमसंग गैलेक्सी एस 11 स्मार्टफोन में तीन स्क्रीन साइज दिए गए हैं। इसमें सबसे छोटा 6.4 या 6.2 इंच, इससे बड़ा 6.4 इंच और सबसे बड़ा 6.7 इंच प्रदान किया गया है।

सलमान खान के साथ काम करने पर यह बोलीं दीपिका पादुकोण

बॉलिवुड के सुपरस्टार सलमान खान शुक्रवार यानी 27 दिसंबर को अपना जन्मदिन मनाया। वहीं, ऐक्टर को अपने जन्मदिन के मौके पर एक और खुशी मिली है। सलमान खान की बहन अर्पिता दूसरी बार मां बनी हैं। उन्होंने बेटी की जन्म दिया है। उधर, दीपिका पादुकोण ने सलमान खान के साथ काम करने को लेकर बात की है। फिलहाल ऐक्ट्रेस अपनी अपकमिंग फिल्म छपाक के प्रमोशन में व्यस्त है। हाल ही में एक बातचीत के दौरान सलमान खान के साथ काम करने को लेकर पूछा गया तो ऐक्ट्रेस ने कहा, मैं सलमान, आमिर, रितिक के साथ काम नहीं किया।

वेटलिफ्टर सीमा डोपिंग के चलते चार साल के लिए प्रतिबंधित

नई दिल्ली। भारत की राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप की रजत पदकधारी वेटलिफ्टर सीमा पर डोपिंग उल्लंघन के लिए चार साल का प्रतिबंध लगाया गया।

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने कहा कि सीमा के डोप नमूने इस साल विशाखापत्तनम में 34वीं महिला राष्ट्रीय भारोत्तोलक चैंपियनशिप के दौरान एकत्रित किए गए थे।

बयान के अनुसार,

चैंपियनशिप के दौरान लिए गए नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ पाए गए, जो प्रदर्शन को सुधारने के लिए किए गए थे।

यह पूरी तरह से धोखाधड़ी और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी नियमों का सीधा उल्लंघन था।

इसके मुताबिक, उनके नमूने में हाइड्रोक्सी 4 मिथॉक्सी टेमोक्सीफेन, सलेक्टिव एस्ट्रोजन रिसेप्टर मॉड्यूलर मेटेनोलोन, एनाबोलिक स्टेरॉयड ओस्टारीन, सलेक्टिव एंड्रोजन रिसेप्टर मॉड्यूलर मौजूद थे।

वाडा की 2019 प्रतिबंधित पदार्थों की सूची में ये सभी गैर-निर्दिष्ट पदार्थ हैं। उन्हें नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल ने सुनवाई के बाद 4 साल के लिए निलंबित किया है। सीमा ने 2017 राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था और वह 2018 गोल्ड कोस्ट कॉमनवेल्थ खेलों में महिला 75 किग्रा वर्ग में छठे स्थान पर रही थीं।

डीजल पर महंगाई की मार, पेट्रोल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

नईदिल्ली(आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को पेट्रोल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जबकि डीजल की कीमत में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

दिल्ली में पेट्रोल प्रति लीटर 74.74 रुपये बिक रहा है, जबकि डीजल 0.17 पैसे की बढ़ोतरी के साथ 67.41 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। शुक्रवार को दिल्ली में डीजल का भाव प्रति लीटर 67.24 रुपये था।

देश के अन्य हिस्सों में तेल की कीमतों पर गौर करें तो शनिवार को मुंबई में पेट्रोल 80.40 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 70.73 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल का भाव 77.40 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल का भाव 68.83 रुपये प्रति लीटर है। दक्षिण राज्य तमिलनाडु की बात करें तो चेन्नै में पेट्रोल शनिवार को 77.70 रुपये प्रति लीटर तो डीजल 71.27 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

दिल्ली से सटे गाजियाबाद में पेट्रोल 75.96 रुपये प्रति लीटर तो डीजल 67.59 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं, फरीदाबाद में पेट्रोल 74.48 रुपये प्रति लीटर और डीजल 66.71 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। रांची में पेट्रोल 72.76 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 68.94 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

सर्द मौसम में नहाने के बाद नारियल तेल लगाने के 5 बेहतरीन फायदे

नारियल तेल को बालों में लगाने के तो कई फायदे आप जानते ही होंगे, लेकिन क्या आपको पता हैं कि इसे आप मॉइश्चराइजर, बॉडी क्रीम या बॉडी लोशन की जगह पर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। यदि आप अपनी त्वचा की नमी बनाए रखने के लिए मेहंगे उत्पाद खरीदते हैं, तो अब से इनके विकल्प के रूप में आप नारियल तेल भी त्वचा पर नहाने के बाद लगा सकते है।

सर्द मौसम में नहाने के बाद नारियल तेल लगाना कही ज्यादा फायदेमंद होता है। आइए, जानते हैं सर्द मौसम में नहाने के तुरंत बाद नारियल तेल लगाने के कई फायदे -

1 नहाने के बाद अगर आपको महंगे मॉइश्चराइजर, बॉडी क्रीम या बॉडी लोशन प्रयोग करने की आदत है, तो आपके लिए यह काम नारियल तेल भी कर सकता है, वह भी कम दामों पर।

2 अगर आपको शरीर के किसी अंग में इंफेक्शन या खुजली की समस्या है, तो नारियल तेल के साथ कपूर मिलाकर अपने बाथरूम में जरूर रखें। हर दिन नहाने के बाद संबंधित स्थान पर इसे लगाना आपको त्वचा की समस्याओं से निजात दिलाएगा।

3 यदि आप अंतर्वस्त्रों के कारण होने वाले निशान, जलन, सूजन फिर खुजली से परेशान हैं, तब भी नारियल तेल और कपूर का यह मिश्रण आपके लिए बेहद फायदेमंद चीज है।

4 चेहरे की सफाई, खास तौर से मेकअप साफ करने के लिए नारियल का तेल किसी भी क्लिंजिंग मिल्क से ज्यादा बेहतर है। रुई के फाहे में थोड़ा नारियल तेल लेकर चेहरे की सफाई करें या फिर पहले चेहरे पर तेल लगा लें फिर रुई से साफ कर लें।

5 हेयर रिमूविंग के लिए नारियल का तेल एक बढ़िया विकल्प है। हेयर रिमूव करने से पहले नारियल तेल से मसाज करने पर आपकी त्वचा नर्म, मुलायम और चिकनी हो सकती है।

आज का राशिफल

मेषः- आज का दिन आपके लिए चुनौतीपूर्ण रहेगा। आपके सामने ढ़ेर सारी जिम्मेदारियां खड़ी होंगी। मंगल क्रियाशील और पुरूषार्थी ग्रह है इसलिए सुव्यवस्था करने में आपका कोई सानी नहीं है।

वृषभः- राजनीतिक प्रतिद्वंदी आज आपसे आगे निकलने का प्रयास करेंगे। धीरे धीरे सफलता की ओर कदम बढ़ाए जा सकते हैं।

मिथुनः- आज का दिन आपके लिए सामान्य है। राशि का स्वामी बुध सप्तम केन्द्र भाव में शनि के साथ बैठकर बौद्धिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता कारक है।

कर्कः- आज शुभ कार्यों में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। आप द्वारा लिया गया निर्णय आगे लाभप्रद रहेगा।

सिंहः- आज आपका भाग्य हर काम में आपका साथ देगा। विरोधियों का षड्यंत्र असफल रहेगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा।

कन्याः- राशि का स्वामी बुध शनि के साथ चतुर्थ भाव घर में संचार कर रहे हैं।

तुलाः- आपकी राशि का स्वामी शुक्र चतुर्थ भाव में और आज राहु नवम भाग्य भाव में है। अत्यधिक श्रम करने पर भी आय कम और व्यय अधिक होगा।

वृश्चिकः- कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध आपके पक्ष में फाइनल हो सकता है। यदि आप आज अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने में कामयाब हो जाएं तो आने वाले दिनों में आपसे वरिष्ठ व्यक्ति भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

धनुः- चन्द्रमा आज प्रथम भाव में संचार कर रहा है। राज्य कार्यों में सफलता, घर में धन धान्य की वृद्धि, कलत्र मित्रों से धन का लाभ, निरोगता शत्रुओं पर विजय और मनोरथ सिद्धि होगी।

मकरः- आज सत्पुरूषों के मिलने से मन में प्रसन्नता होगी। उच्चाधिकारियों की कृपा से भूमि-जायदाद संबंधी विवाद का समाधान भी हो जाएगा।

कुंभः- कर्मफल की सिद्धि कारक है। कहीं से कमा कमाया धन मिलने का योग हैं। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे।

मीनः- चन्द्रमा आज धनुः- राशि पर एकादश का चल रहा है। फलस्वरूप आज पूरे दिन आय के नए स्रोत सामने आएंगे। विरोधपक्ष पराजित होगा।

अर्जुन रेड्डी फेम निर्देशक की डेविल में प्रभास ने रणबीर कपूर को किया रिप्लेस!

फिल्ममेकर संदीप वांगा रेड्डी ने जब से अर्जुन रेड्डी जैसी सफल फिल्म बनाई है, तभी से हर निर्माता और ऐक्टर उनके साथ काम करना चाहता है। फिल्म इतनी हिट रही कि इसका हिंदी रीमेक कबीर सिंह भी बनाया गया और वह भी हिट रहा। हालांकि फिल्म की कहानी को लेकर कई लोगों ने आलोचना भी की थी।

खैर, अब बात करते हैं संदीप की नई फिल्म डेविल की। कुछ वक्त पहले ऐसी रिपोर्ट्स आई थीं कि संदीप ने अपनी अगली फिल्म डेविल के लिए रणबीर कपूर को साइन किया है। लेकिन अब खबर आ रही है कि इस डार्क थ्रिलर से साउथ के सुपरस्टार प्रभास ने रणबीर को रिप्लेस कर दिया है।

मौजूदा खबरों की मानें, तो अब संदीप वांगा रेड्डी की इस फिल्म में रणबीर की जगह प्रभास होंगे। प्रभास साउथ के पॉप्युलर स्टार तो हैं हीं, लेकिन बाहुबली सीरीज के बाद देशभर में उनकी फैन फॉलोइंग और भी बढ़ गई। इस साल फिल्म साहो के जरिए प्रभास ने बॉलिवुड में भी डेब्यू किया था। हालांकि यह फिल्म असफल रही, जिसके बाद से प्रभास अब हिंदी फिल्मों को लेकर और भी चूजी हो गए हैं।

बॉलीवुड इंडस्ट्री में आगे से किस और पीछे से वार करते हैं लोगःकंगना रनौत

अपने बेबाक बयानों, तेज-तर्रार हाजिर-जवाबी के साथ, किसी से भी पंगा लेने से न डरने वाली बॉलिवुड की पंगा गर्ल कंगना रनौत कहती हैं कि फिल्म इंडस्ट्री के लोग सामने से गले गलाकर किस करते हैं और पीछे पलटते ही अच्छी तरह वार करते हैं। सोमवार की शाम मुंबई में अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म पंगा का ट्रेलर लॉन्च किया ट्रेलर लॉन्च के इस खास मौके पर फिल्म की डायरेक्टर अश्विनी अय्यर तिवारी ने कहा, कंगना के बारे में कोई अच्छी बात कहता ही नहीं है, कोई कुछ कहता है तो कोई कुछ और। मैं आज यहां एक बात साफ कर दूं कि कंगना को बहुत ज्यादा जज किया ज्यादा है, वह सेट पर आग नहीं लगाती है। जब भी कोई पंगा लिया है, उनके जीवन में कोई न कोई ग्रोथ जरूर हुआ है। पहली बार उन्होंने 15 साल की उम्र में अपने पिता से पंगा लिया और कई मुसीबतें एक साथ उनके सर पर आ गई। वैसे कंगना मानती हैं कि अगर वह पिता से पंगा न लेती तो आज जिस जगह पर हैं, वहां नहीं होतीं।

न्यू पार्टी मेन्यू में शामिल करें टेस्टी स्नैक्स 'मटर समोसा'

सामग्रीः-

मैदा- 1 कप, सूजी- 1 चम्मच, नमक- स्वादानुसार, तेल- 2 चम्मच, गुनगुना पानी- 1/3 कप

स्टफिंग के लिएः-

उबले मटर- 2 कप, ऑयल- तलने के लिए, धनिया पाउडर- 3 चम्मच, लाल मिर्च पाउडर- 1 चम्मच, अमचूर पाउडर- 1 चम्मच, गरम मसाला- 1/4 चम्मच, नमक- स्वादानुसार

विधि :-

आटा गूंथने के लिए

मैदा, सूजी, नमक और ऑयल मिलाकर अच्छे से आटे को पहले मिक्स करें और फिर पानी की मदद से इसे अच्छी तरह गूंथ लें। अब इसे सेट होने के लिए 10 मिनट तक रख दें।

फिलिंग के लिए

सबसे पहले हरी मटर को थोड़े सा पानी के साथ उबाल लें। अब इसका पानी निकालकर उसे थोड़ा सुखा लें। अब एक बाउल में मटर, धनिया, मिर्च, अमचूर और गरम मसाला पाउडर डालें। फिर आवश्यकतानुसार नमक डाल दें। अब एक पैन में ऑयल गरम करें। इसमें हरी मटर वाला मिक्सचर डालें और इसे अच्छी तरह भूनें जब तक कि उसका पानी सूख न जाए। अब इसे गैस से उतार कर किनारे रख दें।

समोसे के लिए

आटे की छोटी-छोटी लोइयां बना लें। अब इन्हें बेल लें। बीच से आधा काटे और आधे कटे हुए हिस्से में ये फिलिंग भरें। किनारों को आपस में चिपकाएं आर इन्हें पूरी तरह पैक कर लें। कढ़ाई में तेल गरम होने के लिए रख दें। अब इसमें समोसे को फाई कर लें। एब्जॉर्बेंट पेपर पर निकालें और इमली की चटनी के साथ सर्व करें गरमा-गरम समोसे।

शब्द सामर्थ्य- 88

बाएं से दाएं
1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे
1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाली 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का ढंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 87 का हल

वि	ज	य	■	ब	नि	या	■	दे
वा	■	ती	त	र	■	रा	जी	ब
ह	मा	म	■	स	प	ना	■	ता
■	न	■	■	■	टा	■	■	■
दा	व	त	■	वि	ना	श	■	अ
य	■	ह	त्या	■	■	ह	जा	ना
रा	ह	त	■	न	ज	र	■	व
■	वा	■	■	■	मी	■	ना	श्य
दु	ला	रा	■	जा	न	की	■	क

सू-दोकू- 88

	2		6		8		3	
9		8		3		4		
							5	
5		2			7		6	
	8		4			1		3
				9				
8			9				1	
	5			1		6		2
		1	7				4	

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.87 का हल

2	6	3	8	1	4	9	7	5
9	5	4	2	6	7	3	1	8
8	7	1	9	3	5	4	6	2
6	2	7	5	4	8	1	3	9
3	9	8	6	7	1	2	5	4
4	1	5	3	2	9	6	8	7
5	3	2	4	8	6	7	9	1
1	8	6	7	9	2	5	4	3
7	4	9	1	5	3	8	2	6